नैनीताल। मंगलवार। 9 दिसंबर 2014

अमर उजाला युवा ऊधमसिंह नगर

सिलाई और कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र खुला

लालपुर में प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ करतीं पीएसी सेनानायक रिद्धिम अग्रवाल।

लालपुर। क्षेत्र के ग्राम महाराजपुर में सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र खुल गया है। इसका शुभारंभ 31वीं वाहिनी पीएसी की सेनानायक रिद्धिम अग्रवाल ने किया।

उन्होंने कहा कि महिंद्रा एंड महिंद्रा ने ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए इस तरह के केंद्र खोलकर वास्तव में सराहनीय कार्य किया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को जरूर फायदा होगा। समाज के शोषित वर्ग के उत्थान के लिए केवल महिंद्रा एंड महिंद्रा की भांति अन्य कंपनियों को आगे आना चाहिए। वहां कंपनी के प्लांट हेड एसके दूबे, रणजीत सिंह, अनिल प्रताप सिंह, अजीत सिंह, समाजसेवी मुलखराज ठुकराल, रामनाथ आदि थे। ब्यूरो